सचेतन



# वार्षिक रिपोर्ट 2018–19

वार्षिक रिपोर्ट  2018-19

मुख्य पृष्ठ फोटोग्राफ सिलाई प्रशिक्षण केंद्र छावनी का है।

# आभार

इस वर्ष की गतिविधियों का लेखा-जोखा रखने में देर हुई है, इसके लिए हम सब क्षमाप्रार्थी हैं। लिखना...और वह भी रिपोर्ट नुमा शक्ल में..जो औपचारिक होते हुए (संस्थागत रिपोर्ट वैधानिक रूप से लिखना जरुरी है) भी अनौपचारिक लगे...एक चुनौती ही रहती है, फिर उसे वर्ष समाप्त होने के बाद जितनी शीघ्र प्रस्तुत कर दिया जाये उतना बेहतर होता है। फ़िलहाल देर तो हुई है। इस वर्ष कौशल प्रशिक्षण पर अधिक आग्रह था और इसके लिए संस्था द्वारा क्षेत्र में स्थापित संस्थानों से सहायता के साथ कुछ बस्तियों में कौशल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया। स्थान, सिखाने-वाला, सीखने-वाले, सामग्री, समय इत्यादि से जुड़े अनेक अनुभव प्राप्त हुए और अनेक रिश्ते भी बने। कई स्तर पर जुड़ाव हुआ और अवसर बने। अन्य संस्थाओं जैसे; राजकीय बालिका गृह एवं नारीशाला, गायत्री शक्तिपीठ, कोशिश, राजकीय महिला पोलिटेक्निक कॉलेज, राष्ट्रीय सेवा योजना, कोटा हेरिटेज सोसायटी, कंसाई नेरोलक पेंट्स, रक्षम योगशाला आदि के साथ संस्थागत स्तर पर विविध कार्यशालाओं का आयोजन किया गया और संस्थागत उद्देश्यों को प्राप्त किया गया. 'कचरा जगमगाते हम' प्रदर्शनी , इस बार अलग ही स्तर पर थी। संस्था मित्रों और वालंटियर्स द्वारा ही समस्त उत्पाद तैयार किये गए थे। नारीशाला और बालिका गृह की बालिकाओं के साथ जुड़ाव निरंतर रहा। हमारी समस्त गतिविधियों की निरंतरता आपसब मित्रों और सुधिजनों के सहयोग के बिना संभव नहीं है। वित्तीय, सामग्री, दिशा, सुझावों, मनोबल बढ़ाना आदि विविध रूप से प्राप्त आप सब के अमूल्य सहयोग हेतु बहुत-बहुत आभार।

- टीम सचेतन

# वार्षिक रिपोर्ट 2018-19

## विषय सूची


| | पृष्ठ |
|---|---|
| किशोरी बालिका सशक्तिकरण | 1 |
| खुद करें – खुद सीखें आधारित आर्टलैब | 3 |
| कौशल प्रशिक्षण | 4 |
| कचरा जगमगाते हम: प्रदर्शनी | 5 |
| सहभागिता | 7 |
| कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व | 8 |
| डॉक्यूमेंटेशन एवं अन्य सामग्री विकास | 10 |
| सचेतन सदस्य व साथी (वर्ष 2018-19) | 10 |
| सचेतन साथी | 11 |
| वित्तीय दान सहयोग | |
| विभिन्न कार्यक्रमों में वॉलंटियर सहयोग | |
| मीडिया सहयोग | 12 |
| सचेतन गतिविधियां सारणी | 13 |
| अपील - संस्था को सहयोग करें | 15 |
| संस्था का वित्तीय विवरण | 16 |

# किशोरी बालिका सशक्तिकरण



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित योग सत्र

संस्था के 'सेल्फ' कार्यक्रम के तहत राजकीय बालिका गृह एवं नारीशाला आवासिनियों के साथ किशोरी बालिका सशक्तिकरण हेतु विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया. इन गतिविधियों में पहले से चल रही गतिविधियों को निरंतर करने के साथ-साथ कुछ नवीन गतिविधियों को भी किया गया. इन कार्यक्रमों में मुख्यतः उनके शैक्षणिक, कौशल विकास, व व्यवहारगत परिवर्तन सम्बन्धी मुद्दों पर प्रमुखता से कार्य किया गया. कुछ मुख्य प्रयासों का विवरण इस प्रकार है-



बारहवीं की मार्कशीट एवं संस्था का प्रमाणपत्र देते हुए श्रीमती सविता जी, उपनिदेशक जिला बाल अधिकारिता

शैक्षणिक सहयोग के अंतर्गत बालिका दीपा गोचर को राजस्थान ओपन स्कूल के तहत बारहवीं की परीक्षा हेतु अतिरिक्त पुस्तकों व अन्य अध्ययन सामग्री को उपलब्ध कराया गया. जिसने गृह में रहकर अपनी निवास अवधि में परीक्षा दी व अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण भी की. तीन अन्य बालिकाओं ने भी आवेदन किया था परन्तु परीक्षा से पूर्व ही वे गृह से मुक्त हो चुकी थीं. दीपा को प्रोत्साहन स्वरुप संस्था द्वारा रु एक हजार की राशि ईनाम के रूप में दी गयी. बालिका द्वारा आगे पढ़ने की इच्छा जाहिर की गई  जिसके फलस्वरूप उसे वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा से बी ए की परीक्षा हेतु आवेदन करने में सहयोग दिया गया. इसकी फीस विभाग द्वारा दी गयी है.  इसके अतिरिक्त कौशल संवर्धन कार्यक्रम के तहत भी बालिका गृह के भीतर संस्था द्वारा विभिन्न विशिष्ट प्रशिक्षणों का आयोजन किया गया, जो निम्नवत रहे-

| दिनांक | कार्यक्रम | गतिविधि |
|---|---|---|
| 21 जुलाई | आर्टलैब | कतरनों से गुड़िया बनाना |
| 30 जुलाई -6 अगस्त | कौशल प्रशिक्षण | एम्ब्रायडरी वर्कशॉप |
| 1 अक्टूबर | आर्टलैब | गाँधी प्रदर्शनी व क्विज –बालिका गृह द्वारा अवलोकन |
| 5 अक्टूबर | सेल्फ कार्यक्रम | योग कार्यशाला |
| 7-10 अक्टूबर | आर्टलैब | सातचक्र ड्रीम कैचर हैंगिंग मेकिंग |
| 18 दिसम्बर | कौशल प्रशिक्षण | एम्ब्रायडरी पैच वर्क कार्यशाला |
| 21-25 दिसम्बर | कौशल प्रशिक्षण | चपाती कवर मेकिंग कार्यशाला |
| 8 जनवरी | कौशल प्रशिक्षण | डायरी कवर एम्ब्रायडरी कार्यशाला |
| 17 जनवरी | आर्टलैब | गाँधी और मैं : पेंटिंग कार्यशाला |
| 1 फ़रवरी | आर्टलैब | चरखा कार्यशाला |
| 14-20 फरवरी | आर्टलैब | फैब्रिक बुक मार्कर मेकिंग वर्कशॉप |

इन विशिष्ट गतिविधियों के अतिरिक्त वर्षपर्यंत बालिका गृह में कौशल प्रशिक्षणों के उपरांत उनके साथ सिखाये गए हुनर के अभ्यास हेतु गहन कार्य किया जाता रहा. जिसके फलस्वरूप अनेक उत्पाद तैयार किये जा सके. बालिका गृह व नारीशाला दोनों की आवासिनियों को प्रशिक्षण में सम्मिलित किया गया था. इस वर्ष गाँधी जयंती के उपलक्ष्य में चरखा कार्यशाला का आयोजन विशेष था. नवजीवन ट्रस्ट, अहमदाबाद से सुश्री अवनि वारिया के अभियान 'चलो चरखा चलायें' के तहत उन्होंने बालिकाओं के साथ चरखा सिखाने की कार्यशाला की. रक्षम योगशाला, कोटा की ओर से योगसत्र का आयोजन किया गया जिसमें बालिकाओं द्वारा रूचि से भाग लिया गया. इसके अतिरिक्त श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ द्वारा बालिकाओं को कपड़े की गुड़िया बनाने का प्रशिक्षण दिया गया. बालिकाओ के लिए यह एक रोचक सत्र था. कुछ पहले से ही बनाना जानतीं थीं तो सीखने की प्रक्रिया और त्वरित हो चली थी. इस वर्ष कशीदा और सिलाई के माध्यम से बालिकाओं द्वारा कुछ नवीन प्रयोग भी किये गए. समस्त गतिविधियों के चित्र निम्नवत दिए गए हैं-



चरखा कार्यशाला



गाँधी प्रदर्शनी अवलोकन



डॉल मेकिंग कार्यशाला



योग कक्षा





बालिकाओं द्वारा बनाये गए उत्पाद

# खुद करें –खुद सीखें आधारित आर्टलैब

आर्टलैब का उद्देश्य 'reuse-recycle-repurpose' की सोच के साथ कुछ रचनात्मक करने का होता है. जिसमें उपलब्ध अनुपयोगी/ तथाकथित कचरा संसाधनों के साथ सिलाई, कशीदा, बुनाई, पेंटिंग आदि हस्तकलाओं को माध्यम बनाते हुए विभिन्न सजावटी व उपयोगी उत्पाद तैयार किये जाते हैं. आर्टलैब की कार्यशालाएं उन पुराने व्यवहारों को भी संजोने और पुनर्जीवन से सम्बंधित हैं जो आज लुप्त सी हो चुकी हैं जैसे; कॉपी-किताबों पर स्वयम जिल्द चढ़ाना. इस सम्बन्ध में इस वर्ष गायत्री परिवार के बाल संस्कार शिविर में बुक कवर चढ़ाना सिखाने की कार्यशाला की गयी जिसमें शिविर के बच्चों ने रूचि से भाग लिया व सीखा. उनके साथ ही उनकी माताओं ने भी भाग लिया और इस गतिविधि के लिए संस्था टीम का आभार भी व्यक्त किया. इसके अतिरिक्त 'कचरा जगमगाते हम ' वार्षिक प्रदर्शनी के लिए भी संस्था के वालंटियर्स व नारीशाला की बालिकाओं द्वारा कार्टन लाइट्स, ड्रीम कैचर, रंगीन दीपक इत्यादि तैयार किये गए. इस वर्ष आयोजित आर्टलैब कार्यशालाओं का विवरण निम्नवत है-

| अवधि | कार्यशाला स्थल | गतिविधि | संभागी |
|---|---|---|---|
| 31 मई- 1 जून | राजकीय माध्यमिक विद्यालय , केशवपुरा | स्काउट- गाइड अभिरुचि शिविर ड्रीमकैचर बनाना | 43 |
| 13-15 जून | गायत्री शक्तिपीठ कोटा | बुक कवर व प्लास्टिक वेस्ट आधारित | 120 |
| 16-17 जुलाई | कोशिश संस्था | प्लास्टिक वेस्ट आधारित क्राफ्ट सत्र | 60 |
| 21 जुलाई | बालिका गृह- नारीशाला, नान्ता | कतरनों से गुड़िया बनाना | 20 |
| 22 जुलाई | कंचनजंगा अपार्टमेंट | एम्ब्रायडरी हेतु नमूने बनाने की कार्यशाला | 18 |
| 7-10 अक्टूबर | बालिका गृह- नारीशाला, नान्ता | सातचक्र ड्रीम कैचर मेकिंग कार्यशाला | 7 |
| 2 अक्टू-2 नव. | सचेतन कार्यलय | दिवाली कार्यशाला | 8 |
| 28-31 जनवरी | आर्टगैलरी – स्कूल आर्ट प्रदर्शनी | वीविंग कार्यशाला | 85 |
| 1 फ़रवरी | नारीशाला , नान्ता | चरखा कार्यशाला | 19 |
| 14-20 फरवरी | नारीशाला , नान्ता | फैब्रिक बुक मार्कर मेकिंग वर्कशॉप | 8 |



बुक कवर चढ़ाना



गाँधी विषय पर आधारित पेंटिंग कार्यशाला



वीविंग कार्यशाला



चरखा कार्यशाला

# कौशल प्रशिक्षण

गत वर्ष दो स्थलों पर तीन माह के सिलाई प्रशिक्षणों का आयोजन किया गया था. इस वर्ष भी एक पुराने केंद्र (छावनी) की महिला संभागियों के साथ उनका सिलाई का बेसिक कोर्स पूरा होने के बाद उनके ही आग्रह पर 16-20 अप्रैल में पांच दिवसीय बैग मेकिंग प्रशिक्षण का संचालन किया गया. साथ ही केंद्र की महिलाओं का एक स्थानीय दर्शनीय स्थल भ्रमण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें



संभागी सीखते हुए

महिलाओं के साथ संस्था के अभी तक के हस्तक्षेपों पर उनके अनुभवों को जानने का प्रयास भी किया गया. इस अवसर पर संस्था के स्थानीय सदस्यों भारती व सुनीता के साथ-साथ भीलवाड़ा- गुलाबपुरा निवासी सदस्य सुश्री रेनू सक्सेना ने भी भाग लिया. साथ ही प्रशिक्षक शशि महियारिया व खुशबू स्वामी भी



भ्रमण के दौरान

उपस्थित थे. 18 दिसम्बर को छावनी प्रशिक्षण केंद्र के संभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गए. ये प्रमाण पत्र राजकीय महिला पोलिटेक्निक कॉलेज द्वारा प्रमाणित किये गए थे. इस वर्ष कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत बोरखेड़ा क्षेत्र की महिलाओं हेतु 1 अगस्त से 31 अक्टूबर तीन माह हेतु सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम भी राजकीय महिला पोलिटेक्निक कॉलेज के द्वारा प्रायोजित किया गया था. बोरखेडा क्षेत्र की महिलाओं



प्रमाणपत्र वितरण

का सर्वे करने के बाद यहाँ एक स्थानीय खाली पड़ी दुकान में केंद्र का संचालन किया गया. केंद्र हेतु क्षेत्र में तीन माह के लिए स्थान खोजना एक बड़ी चुनौती थी. स्थानीय सुधिजनों (सारथी स्टोर एवं विजय जी) के सहयोग से केंद्र हेतु स्थान उपलब्ध हो सका. विजय जी एडवोकेट द्वारा निशुल्क स्थल प्रदान किया गया. शालू मोहता द्वारा प्रशिक्षण प्रदान दिया गया. सिलाई के बेसिक कोर्स के साथ-साथ उनको बंधेज, रंगाई का काम भी सिखाया गया जिसके परिणामस्वरूप महिलाओं ने अपनी पसंद के कपड़े जैसे दुपट्टे, साड़ी कुरते इत्यादि तैयार किये.






सिलाई प्रशिक्षण केंद्र बोरखेड़ा

## कचरा जगमगाते हम: प्रदर्शनी




'कचरा जगमगाते हम' प्रदर्शनी इस श्रृंखला की तीसरी प्रदर्शनी थी. यह प्रदर्शनी प्रतिवर्ष दीपावली के समय आयोजित की जाती है. इसमें संस्था वालंटियर्स द्वारा अनुपयोगी सामग्री के साथ रचनात्मक प्रयोग करते हुए रोशनी से जुड़े उत्पाद तैयार किये जाते हैं. इन उत्पादों को बनाने में शहर के विभिन्न लोगों जैसे शिक्षकों, ग्राफ़िक डिज़ाइनर, स्टूडेंट्स, कलाकारों, वरिष्ठ नागरिकों का सहयोग प्राप्त हुआ. समस्त तैयारी संस्था के बजरंग नगर स्थित कार्यालय में की गयी थी. दो दिवसीय प्रदर्शनी को शहर के मुख्य इलाके रेन बसेरा पार्क-एरोड्रम सर्किल पर लगाया गया था जिससे आने-जाने वाले शहरवासी स्वतः ही आकर्षित हो रहे थे. प्रदर्शनी का उद्घाटन शहर के पुलिस अधीक्षक श्री दीपक भार्गव जी द्वारा किया गया. उन्होंने न केवल प्रदर्शनी में उपस्थिति दी वरन पास की बस्ती के बच्चों के साथ बातचीत भी की. इन बच्चों को अधीक्षक महोदय द्वारा दीपक भेंट किये गए.








पुलिस अधीक्षक श्री दीपक भार्गव द्वारा प्रदर्शिनी का अवलोकन

प्रदर्शनी में प्रमुख रूप से हाथ से बनाये गए व रंगे गए दीपक, दीपक ट्रे, सात चक्र की अवधारणा से प्रेरित हो कार्टन लाइट्स, कांच की बोतलों के लैंप, स्ट्रिंग लाइट्स, ड्रीम कैचर हैंगिंग्स व अन्य वस्तुएं तैयार की गयीं थीं. इन सामानों को पैक करके देने के लिए कागज के पुराने शॉपिंग बैग्स का ही उपयोग किया था. ये बैग्स अनेक घरों से एकत्र किये गए थे. इन बैग्स पर reuse- recycle, पर्यावरण संरक्षण संबंधी सन्देश लिखे गए थे.

प्रदर्शनी को तैयार करने में मुख्यतः शैली जैन, पलाश, तक्षय, चित्रांशी, पीयूष, लीना व भारती के साथ नारीशाला की बालिकाओं का योगदान रहा.

प्रदर्शनी  को स्थानीय समाचार पत्रों, सोशल मीडिया, ब्लोगर्स आदि द्वारा भी सराहा गया व प्रशंसित आलेख दिए गए. इसके साथ ही स्थानीय लोगों ने भी प्रदर्शनी में बखूबी भाग लिया व खरीददारी करी. साथ ही अपने सुझावों व मनोभावों से अवगत कराया.







# सहभागिता

- रोटरी क्लब, कोटा द्वारा अपने सिलाई केंद्र की स्थापना के अवसर पर संस्था सचिव द्वारा भागी दी गयी व संस्था द्वारा किया जा रहे कौशल प्रशिक्षणों के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध करायी गयी. (दिनांक ३० मई).
- पर्यावरण दिवस के अवसर पर इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजिनियर्स, कोटा द्वारा आयोजित कांफ्रेंस में डॉ. भारती गौड़ व पीयूष अग्रवाल द्वारा संस्था का प्रतिनिधित्व किया गया व इस अवसर पर संस्था के कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत नारीशाला की बालिकाओं द्वारा बनाये गए कपड़े के विभिन्न थैलों की प्रदर्शनी भी आयोजित की गयी. (5 जून)
- कंचनजंगा अपार्टमेंट की महिलाओं द्वारा भी संस्था को अपना रचनात्मक सहयोग दिया गया. समस्त महिला साथियों ने नारीशाला बालिकाओं को कशीदा सिखाने के लिए अनेक नमूनों को छांटा व उन्हें कपड़ों पर छापा. लगभग 15 महिलाओं द्वारा अपना सहयोग प्रदान किया गया. (22 जुलाई)





- हाड़ोती उत्सव आयोजन समिति , वर्ष 2018 द्वारा विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर सचेतन संस्था के नारीशाला में बालिकाओं हेतु शैक्षिक संवर्धन कार्यों को देखते हुए सचिव डॉ. भारती गौड़ को सम्मानित किया गया. (7 सितम्बर)
- राजकीय बालिका महाविद्यालय, बारां में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत डॉ. भारती गौड़ द्वारा स्वयंसेवकों को 'विजन बोर्ड विकसित करने' सम्बन्धी विषय पर संबोधित किया गया. (13 दिसम्बर)
- चाइल्ड लाइन दिल्ली द्वारा 'रेलवे-चाइल्डलाइन' विकसित करने हेतु डीआरएम् कोटा कार्यालय में स्वयंसेवी संस्थाओं की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संस्था से भारती गौड़ एवं पीयूष अग्रवाल द्वारा प्रतिनिधित्व किया गया. (29 जनवरी)
- कोटा हेरिटेज सोसायटी द्वारा आयोजित वार्षिक स्कूल आर्ट प्रदर्शनी में संस्था द्वारा 'वीविंग कार्यशाला' (28-31जनवरी) का आयोजन किया गया जिसमें शहर के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया. साथ ही गांधी जन्मशती के अवसर पर हेरिटेज सोसायटी द्वारा आयोजित फोटो प्रदर्शनी व क्विज (1 अक्टूबर, एवं 17 जनवरी) आदि में भी संस्था द्वारा अपना सहयोग दिया गया.

# कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व

**कंसाई नेरोलक पेंट्स**, भरूच (गुजरात) के सीएसआर हस्तक्षेपों के तहत संस्था द्वारा अंकोट और राहर ग्राम के राजकीय विद्यालयों के बच्चों हेतु दो दवसीय (26-27 फरवरी) 'खुद करें-खुद सीखें' आर्टलैब का आयोजन अंकोट में किया गया. इस शिविर में संस्था सदस्य भारती व वालंटियर डॉ. शीनू चौहान, पीयूष अग्रवाल व अक्षय द्वारा अपनी सहभागिता दी गयी व स्कूल के बच्चों के लिए विविध आर्ट और क्राफ्ट सत्रों का आयोजन किया. इसके तहत क्राफ्टिंग थ्रू प्लास्टिक वेस्ट, पिन एंड थ्रेड वीविंग, स्टैंसिल पेंटिंग आदि की कार्यशालाएं आयोजित की गयीं. इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य हस्तकलाओं के बारे में बच्चों को उन्मुख करना, उसका व्यावहारिक ज्ञान देना था. शिविर में लगभग 65 बच्चों द्वारा भाग लिया गया. शिविर के अंतिम दिन संस्था ने अपने कार्यक्रमों के संबंध में व शिविर में बच्चों द्वारा बनाये गए उत्पादों की प्रदर्शनी समुदाय हेतु प्रस्तुत की. नेरोलक के अधिकारियों श्री राजीव पटेल, श्री ताकाहाशी, श्री कुणाल एवं श्री राजीव सक्सेना, के साथ-साथ ब्लाक प्रशासन, शिक्षा विभाग व पंचायत के अधिकारियों द्वारा प्रदर्शनी व शिविर का अवलोकन किया गया.



कंसाई नेरोलक पेंट्स भरूच के अधिकारीयों को संस्था स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए संस्था सचिव भारती गौड़.



**कार्यशाला की झलकियाँ**

# डॉक्यूमेंटेशन एवं अन्य सामग्री विकास

इस वर्ष संस्था द्वारा अपने कार्यों सम्बन्धी निम्न लेख एवं अन्य सामग्री विकसित की गयी-

1. वार्षिक रिपोर्ट वर्ष 2017-18
2. वेबसाइट www.sachetansociety.org एवं फेसबुक पेज का नियमित संधारण

# सचेतन सदस्य व साथी (वर्ष 2018-19)

इस वर्ष सदस्यता में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं हुआ. समस्त संस्था पदाधिकारियों व सदस्यों का विवरण इस प्रकार है-

| | |
|---|---|
| प्रभाकर शर्मा (अध्यक्ष) | डॉ.भारती गौड़ (सचिव) |
| लीना विजय (कोषाध्यक्ष) | सुनीता जैन (सदस्य) |
| शरद चौधरी (सदस्य) | अमिताव बासु (सदस्य) |
| विकास दागुर (सदस्य) | रेनू सक्सेना (सदस्य) |
| मंजू सोनी (सदस्य) | अरविन्द सिंह (सदस्य) |
| सपना अग्रवाल (सदस्य) | जिया इस्लाम (सदस्य) |
| वंदना श्रीमाली (सदस्य) | नम्रता जेठवानी (सदस्य) |
| डॉ. अनुराधा सिंह (सदस्य) | |

संस्था की आठवीं आम सभा बैठक का आयोजन दिनांक 8 अप्रैल 2018 को किया गया जिसका दस्तावेजीकरण किया गया है.

# सचेतन साथी

संस्था सदस्यों के अतिरिक्त अनेक मित्र/ शुभचिंतक संस्था को विभिन्न प्रकार से सहयोग प्रदान करते रहते हैं जिन्हें संस्था-साथी कहा गया है. इस वर्ष के संस्था-साथियों की सहयोगवार सूची इस प्रकार है:

## वित्तीय दान सहयोग

वर्ल्ड लर्निंग इंडिया, दिल्ली

श्रीमती सीमा चौधरी, कोटा

श्रीमती सीमा पाण्डेय, रावतभाटा

श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ, कोटा

श्रीमती रेखा सक्सेना, बंगलोर

श्रीमती विक्टोरिया सिंह

श्रीमती सपना अग्रवाल, कोटा

श्रीमती नम्रता जेठवानी, कोटा

## वॉलंटियर सहयोग

अनुपम कुलश्रेष्ठ,

पलाश,

तक्षय अग्रवाल,

पीयूष अग्रवाल,

शैली जैन,

अक्षय जैन,

सुनीता जैन,

लीना विजय,

शिविका विजय,

शीनू चौहान,

डॉ. अनुराधा सिंह,

शिखा चौधरी, कोटा

चित्रांशी गोयल , कोटा

विजय कुमार शर्मा, अधिवक्ता, कोटा

रक्षम योगशाला से राकेश सैनी व सुप्रिया

कंचनजंगा अपार्टमेंट का महिला मंडल.

सारथी स्टोर, कोटा

# मीडिया सहयोग


'कचरा जगमगाते हम' प्रदर्शनी की शुरुआत

संदेश न्यूज। कोटा.

'कचरा जगमगाते हम' की शुरुआत घोड़ेवाले बाबा बस्ती के निकट शनिवार से शुरू हो गई। इस दौरान बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। प्रदर्शनी के पहले दिन शहरवासियों ने शिरकत की। संस्था द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की सराहना की। इस अवसर पर कोटा शहर पुलिस अधीक्षक दीपक भार्गव ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया, उत्पादों के बारे में जाना और आयोजकों से बातचीत की। संस्था सचिव डॉ भारती गौड़ द्वारा उनको प्रदर्शनी में रखे उत्पादों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधीक्षक द्वारा बस्ती के बच्चों के साथ संवाद भी किया व दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों को दीपक भेंट किए। प्रदर्शनी कल भी सांय चार बजे से प्रारंभ होगी।





दैनिक चम्बल संदेश

कोटा. भा...
जिसका स...
अवसर प...
प्रधान वैज्ञ...

## 'कचरा जगमगाते हम' प्रदर्शनी की शुरुआत

**संदेश न्यूज। कोटा.**

'कचरा जगमगाते हम' की शुरुआत घोड़ेवाले बाबा बस्ती के निकट शनिवार से शुरू हो गई। इस दौरान बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। प्रदर्शनी के पहले दिन शहरवासियों ने शिरकत की। संस्था द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की सराहना की। इस अवसर पर कोटा शहर पुलिस अधीक्षक दीपक भार्गव ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया, उत्पादों के बारे में जाना और आयोजकों से बातचीत की। संस्था सचिव डॉ भारती गौड़ द्वारा उनको प्रदर्शनी में रखे उत्पादों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

अधीक्षक द्वारा बस्ती के बच्चों के साथ संवाद भी किया व दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों को दीपक भेंट किए। प्रदर्शनी कल भी सांय चार बजे से प्रारंभ होगी।



## खरीदारी कर बढ़ाया उत्साह

कोटा. घोड़े वाले बाबा चौराहा के निकट चल रही 'कचरा जगमगाते हम' प्रदर्शनी में दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और खरीदारी कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। शहरवासियों द्वारा दीपोत्सव के लिए यहां से खरीदारी की गई। फिल्टर के लैंप आकर्षण का विषय रहे। प्रदर्शनी की खास बात यह थी सामान देने वाले कैरी बैग के लिए पुराने शॉपिंग पेपर बैग्स को री-यूज किया गया। उन पर पर्यावरण संरक्षण के संदेश लिखे गए थे। रोशनी की फोटोग्राफी के शौकीन लोगों को भी प्रदर्शनी ने लुभाया।



## वेस्ट से बेस्ट आइटम में दिवाली विशेष

कोटा। शहर के घोड़े वाले चौराहे स्थित रैन बसेरा में सचेतन संस्था की ओर से वेस्ट से बेस्ट आइटम कचरा जगमगाते हुए दो दिवसीय एग्जीबिशन शनिवार शाम चार बजे से शुरू हुई। पहले दिन शहरवासियों ने इन आइटम्स को दिवाली की सजावट के लिए खरीदा। यहां कांच की बोतल से लेकर पक्षियों और दिवाली लैंप, रोशनी, लालटेन सहित अन्य आयटम लोगों ने खरीदें। एग्जीबिशन की विजिट सिटी एसपी दीपक भार्गव ने भी किया। उन्होंने संस्था द्वारा किए गए कार्य की सराहना की। उन्होंने यहां रैन बसेरा का विजिट भी किया। साथ ही पास की बस्ती के बच्चों से भी बातचीत कर उनके पढ़ाई से लेकर स्वच्छता संबंधित सवाल-जवाब भी किए। संस्था सचिव डॉ. भारती गौड़ ने बताया कि शहरवासियों ने इन आयटम को खरीद में अच्छा रुझान दिखाया। संस्था की ओर से बच्चों को दीपक भेंट किए।

## सचेतन गतिविधियां – वर्ष 2018-19

| क्रम | दिनांक | स्थान/संस्था | परियोजना | गतिविधि | संभागी | संदर्भ व्यक्ति/वालंटियर्स |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 27 मार्च – 3 अप्रैल | छावनी सिलाई सेंटर | कौशल प्रशिक्षण | राजपूती बेस सिलाई प्रशिक्षण | 16 | शशि महियारिया, भारती, नर्बदा |
| 2 | 13 अप्रैल | छावनी सिलाई सेंटर | कौशल प्रशिक्षण | एक्सपोज़र विजिट | 16 | खुशबू, भारती, सुनीता, नर्बदा, रेनू, शशि महियारिया |
| 3 | 16-20 अप्रैल | छावनी सिलाई सेंटर | कौशल प्रशिक्षण | बैग मेकिंग कार्यशाला | 11 | भारती, नर्बदा |
| 4 | 30 मई | रोटरी क्लब | सहभागिता | रोटरी सिलाई केंद्र शुभारम्भ बैठक | | प्रतिनिधित्व : भारती |
| 5 | 31 मई- 1जून | राजकीय माध्यमिक विद्यालय , केशवपुरा | आर्टलैब | स्काउट- गाइड अभिरुचि शिविर ड्रीमकैचर बनाना | 43 | भारती, पीयूष, |
| 6 | 1 अगस्त – 31 अक्टूबर | बोरखेड़ा सिलाई केंद्र<br>राजकीय महिला पोलिटेक्निक कॉलेज | कौशल प्रशिक्षण | तीन माह हेतु सिलाई केंद्र आरंभ | 30 | शालू मोहता, भारती |
| 7 | 5 जून | इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजिनियर्स, कोटा | जागरूकता दिवस | पर्यावरण दिवस : प्रदर्शनी आयोजन | | भारती, पियूष, भानुप्रिया |
| 8 | 13-15 जून | गायत्री शक्तिपीठ कोटा | आर्टलैब | | 120 | भारती, पीयूष |
| 9 | 16-17 जुलाई | कोशिश संस्था | आर्टलैब | प्लास्टिक वेस्ट आधारित क्राफ्ट सत्र | 60 | भारती, पीयूष |
| 10 | 21 जुलाई | राजकीय अपचारी बालिका गृह नारीशाला, नान्ता | आर्टलैब | कतरनों से गुड़िया बनाना | 20 | अनुपम कुलश्रेष्ठ |
| 11 | 22 जुलाई | कंचनजंगा अपार्टमेंट | आर्टलैब | एम्ब्रायडरी हेतु नमूने बनाने की कार्यशाला | 18 | भारती |
| 12 | 30 जुलाई -6 अगस्त | राजकीय अपचारी बालिका गृह-नारीशाला, नान्ता | कौशल प्रशिक्षण | एम्ब्रायडरी वर्कशॉप | 16 | भारती |
| 13 | 7 सितम्बर | अकलंक कॉलेज | शिक्षा | साक्षरता पुरुस्कार सम्मान | 2 | भारती पीयूष, |
| 14 | 1 अक्टूबर | आर्ट गैलरी | आर्टलैब | गाँधी प्रदर्शनी व क्विज –बालिका गृह द्वारा अवलोकन | | भारती, |
| 15 | 5 अक्टूबर | राजकीय अपचारी बालिका गृह-नारीशाला, नान्ता | सेल्फ कार्यक्रम | योग कार्यशाला | 30 | रक्षम योगशाला |

| सचेतन गतिविधियां – वर्ष 2018-19 | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम | दिनांक | स्थान/संस्था | परियोजना | गतिविधि | संभागी | संदर्भ व्यक्ति/वालंटियर्स |
| 16 | 7-10 अक्टूबर | राजकीय अपचारी बालिका गृह-नारीशाला, नान्ता | आर्टलैब | सात चक्र ड्रीम कैचर हैंगिंग मेकिंग कार्यशाला | 7 | भारती, पीयूष |
| 17 | 2 अक्टूबर-2 नवम्बर | सचेतन कार्यलय | आर्टलैब | दिवाली कार्यशाला | 8 | भारती,पीयूष, तक्षय, पलाश, शुची, लीना, शैली, |
| 18 | 3-4 नवम्बर | रैनबसेरा | प्रदर्शनी | कचरा जगमगाते हम प्रदर्शनी | | सचेतन टीम |
| 19 | 13 दिसम्बर | राजकीय बालिका महाविद्यालय, बारां | NSS जागरूकता | विज़न बोर्ड विकसित करना | 45 | भारती |
| 20 | 18 दिसम्बर | राजकीय अपचारी बालिका गृह-नारीशाला, नान्ता | कौशल प्रशिक्षण | एम्ब्रायडरी पैच वर्क कार्यशाला | 5 | भारती |
| 21 | 18 दिसम्बर | छावनी सिलाई सेंटर | कौशल प्रशिक्षण | सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम | 35 | भारती, सुनीता, नर्बदा, खुशबु |
| 22 | 21-25 दिसम्बर | नारीशाला, नान्ता | कौशल प्रशिक्षण | चपाती कवर मेकिंग कार्यशाला | 12 | भारती |
| 23 | 24 दिसम्बर | राजकीय महाविद्यालय , बारां | NSS | जागरूकता कार्यक्रम | 60 | भारती |
| 24 | 25 दिसम्बर | सचेतन कार्यालय, शिवाय | | वालंटियर्स बैठक | 9 | मनीष-भारती |
| 25 | 8 जनवरी | नारीशाला, नान्ता | कौशल प्रशिक्षण | डायरी कवर एम्ब्रायडरी कार्यशाला | 9 | भारती |
| 26 | 17 जनवरी | नारीशाला, नान्ता | आर्टलैब | गाँधी और मैं : पेंटिंग कार्यशाला | 12 | भारती |
| 27 | 28-31 जनवरी | आर्टगैलरी – स्कूल आर्ट प्रदर्शनी | आर्टलैब | वीविंग कार्यशाला | 85 | भारती, पीयूष |
| 28 | 29 जनवरी | DRM OFFICE | बैठक | चाइल्ड लाइन रेलवे हेतु बैठक | 2 | भारती, पीयूष |
| 29 | 1 फ़रवरी | नारीशाला , नान्ता | आर्टलैब | चरखा कार्यशाला | 19 | अवनि वारिया –गुजरात |
| 30 | 14-20 फरवरी | नारीशाला , नान्ता | आर्टलैब | फैब्रिक बुक मार्कर मेकिंग वर्कशॉप | 8 | भारती |
| 31 | 27-28 फ़रवरी | राजकीय विद्यालय , अन्कोट (भरूच ) | आर्टलैब | कंसाई नेरोलक पेंट्स (CSR) | | भारती, पीयूष, शीनू, अक्षय |

नोट: इन विशिष्ट गतिविधियों के साथ-साथ नारीशाला/ बालिका गृह की बालिकाओं के साथ वर्ष-पर्यंत प्रशिक्षण उपरांत- अभ्यास कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता रहा.

# अपील

## संस्था को सहयोग करें

आप अपनी सहयोग राशि बैंक चेक के माध्यम से हमारे संस्था कार्यालय के पते पर भेज सकते हैं अथवा सीधे ही बैंक ट्रांसफर कर सकते हैं. समस्त डोनेशन आयकर अधिनियम 1961, सेक्शन 80 जी के तहत छूट प्राप्त हैं. समस्त चैक 'Sachetan Society for Research, Education and Training' के नाम पर बनाये जायेंगे. **कार्यालय पता**: सचेतन, 23- श्रीपद, रेलवे सोसायटी कॉलोनी, बजरंग नगर, कोटा (राजस्थान), भारत. पिनकोड 324001.

**नेट बैंकिंग हेतु बैंक विवरण:**

बैंक का नाम- स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया

सिटी शाखा: कोटा (राजस्थान)

बैंक शाखा: एडीबी शाखा

बैंक खाता संख्या: 32852896009

IFSC/RTGS कोड: SBIN 0001838

बैंक पता : स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, एडीबी ब्रांच, स्टेशन रोड, कोटा (राजस्थान), भारत.

अधिक विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.sachetansociety.org व फेसबुक पेज को देख सकते हैं.

# संस्था का वित्तीय विवरण

**SACHETAN SOCIETY FOR RESEARCH EDUCATION AND TRAINING**

**23, SHREEPAD RAILWAY SOCIETY COLONY, BAJRANG NAGAR, KOTA**

**RECEIPTS & PAYMENT A/C FOR THE YEAR ENDED ON 31-3-2019**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Cash balance | 3,762.00 | | Printing & Stationary | | 641.00 |
| Bank Balance | 130,224.00 | 133,986.00 | Bank Charges | | 649.00 |
| Other Receipts | | 25,130.00 | Audit & Legal fees | | 7,080.00 |
| Receipts From Nerolac paints | | 115,000.00 | Skill Development Training Exp | | 2,895.00 |
| Membership Fees | | 8,000.00 | Story lab | | 945.00 |
| Donation Received | | 39,250.00 | **Art Labs project Exp** | | |
| | | | Travel | 15,812.00 | |
| | | | Material | 15,642.00 | |
| | | | Resource Persons | 5,500.00 | |
| | | | Exhibition | 1,500.00 | 38,454.00 |
| | | | **SELF Project Exp. (Craft Centre)** | | |
| | | | Material | 4,059.00 | |
| | | | Monitoring & Supervision Exp. | 8,941.00 | 13,000.00 |
| | | | **SELF Project (Open School StudyPproject )** | | |
| | | | Education Support | 3,540.00 | 3,540.00 |
| | | | Cash Balance | 32,580.00 | |
| | | | Bank Balance | 221,582.00 | 254,162.00 |
| | **Total Rs.** | **321,366.00** | | **Total Rs.** | **321,366.00** |

As per our report of even date annexed

**For: M/s SACHETAN Society for Research Education and Training**

**For: Jain Neeraj & Co.**

*Chartered Accountants*

**Place:** Kota

**Date:** 28/09/2019

*(Prabhakar Sharma) President* *(Bharti Gaur) Secretary* *(Leena Vijay) Treasurer*

(Ritu Bohra) **Partner**

19079509AAAABT8982

JAIN NEERAJ & CO. M. No. 79509 KOTA Chartered Accountants

**SACHETAN SOCIETY FOR RESEARCH EDUCATION AND TRAINING**

**23, SHREEPAD RAILWAY SOCIETY COLONY, BAJRANG NAGAR, KOTA**

**BALANCE SHEET AS ON 31-3-2019**

| LIABILITIES | | AMOUNT | ASSETS | AMOUNT |
|---|---|---|---|---|
| **Corpus Fund** | | | Equipment | 54,627.00 |
| Opening Balance | 70000.00 | 70,000.00 | TDS Receivable Ay 2018-19) | 2,100.00 |
| **General Fund:** | | | State Bank of India Bank A/c | 221,582.00 |
| Opening Balance | 120713.00 | | Cash in hand | 32,580.00 |
| Add: Excess of Income over expenses | 120176.00 | 240,889.00 | | |
| | **Total Rs.** | **310,889.00** | **Total Rs.** | **310,889.00** |

As per our report of even date annexed

**For: M/s SACHETAN Society for Research Education and Training**

Place: **Kota**

**Date:** 28/09/2019

*(Prabhakar Sharma) President* *(Bharti Gaur) Secretary* *(Leena Vijay) Treasurer*

**For: Jain Neeraj & Co.**

*Chartered Accountants*

JAIN NEERAJ & CO. M. No. 79509 KOTA Chartered Accountants

(Ritu Bohra) Partner

19079509AAAABT8982

**SACHETAN SOCIETY FOR RESEARCH EDUCATION AND TRAINING**

**23, SHREE[illegible]D RAILWAY SOCIETY COLONY, BAJRANG [illegible]AGAR, KOTA**

**INCOME & EXPENDITURE A/C FOR THE YEAR ENDED ON 31-3-2019**

| PARTICULARS | | AMOUNT | PARTICULARS | AMOUNT |
|---|---|---|---|---|
| To Printing & Stationary Exp | | 641.00 | By Donations Received | 39,250.00 |
| To Bank Charges | | 649.00 | By Membership Fees | 8,000.00 |
| To Audit and Legal fees | | 7,080.00 | By Other Receipt | 25,130.00 |
| To Story Lab Exp | | 945.00 | By Received from Nerolac paints | 115,000.00 |
| To Skill Development Project Exp | | 2,895.00 | | |
| **To Art Labs project Exp** | | | | |
| -Travel | 15,812.00 | | | |
| -Material | 15,642.00 | | | |
| -Resource Persons | 5,500.00 | | | |
| - Exhibition | 1,500.00 | 38,454.00 | | |
| **To SELF Project (Craft Centre)** | | | | |
| - Material | 4,059.00 | | | |
| -Monitoring & Supervision Exp. | 8,941.00 | 13,000.00 | | |
| **To SELF Project (Open School Study project)** | | | | |
| -Education Support | 3,540.00 | 3,540.00 | | |
| To Excess of Income over Expenses | | 120,176.00 | | |
| **Total Rs.** | | **187,380.00** | **Total Rs.** | **187,380.00** |

As per our report of even date annexed

**For: M/s SACHETAN Society for Research Education and Training**

**Place: Kota**

**Date:** 28/9/2019

*(Prabhakar Sharma) President* *(Bharti Gaur) Secretary* *(Leena Vijay) Treasurer*

**For: Jain Neeraj & Co.**

*Chartered Accountants*

(Ritu Bohra) Partner

19079509AAAABT8982

JAIN NEERAJ & CO. M. No. 79609 KOTA Chartered Accountants

① Prepare form 10

② UDIN



# सचेतन

## (शोध, शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्था)

कार्यालय
२३ . रेल्वे सोसाईटी कॉलोनी, बजरंग नगर, कोटा (राजस्थान) - ३२४००१
वेब साईट:www.sachetansociety.org